जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2021/1070 **दिनांकः 19.07.2020**

// अधिसूचना //

जीवाजी विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में सी.बी.सी.एस. पद्धति से संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त सम सेमेस्टर परीक्षायें जून, 2021 ऑन लाईन / ओपन बुक पद्धति से संचालन हेतु अध्ययनशाला / परीक्षार्थियों को निम्नलिखित दिशा निर्देश होंगेः–

1. परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र प्रातः 11.00 बजे उनके मेल आईडी एवं वाट्सएप नम्बर पर प्राप्त होगा।
2. उक्त प्रश्नपत्रों को परीक्षार्थियों द्वारा स्वंय डाउन लोड किया जाकर हल करना है। इस हेतु उनको यथा सम्भव ए–4 साइज पेपर का उपयोग करना है जिनकी कुल संख्या 16 पेज की होगी।
3. उत्तरपुस्तिका हेतु पेपर की व्यवस्था परीक्षार्थियों को स्वंय करनी होगी।
4. उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ का प्रारूप विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नपत्र के साथ संलग्न भेजा जावेगा। जिसे प्राप्ती कर उन्हें उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के रूप में उपयोग करना होगा।
5. परीक्षार्थी उक्त प्रारूप को दिये गये प्रत्येक खाने में चाही गई जानकारी अंकित करना होगी तथा अपने हस्ताक्षर भी करना होंगे।
6. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र को हल करने के लिये नीले एवं काली स्याही के बॉल पेन का उपयोग कर सकेंगे।
7. परीक्षा के समय परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति ईमेल/वाट्सएप पर परीक्षा प्रारम्भ होने पर भेजेंगे।
8. परीक्षा के लिये कुल पॉच घण्टे का समय दिया जावेगा जिसमें एक घण्टा प्रश्नपत्र डाउनलोड करने के लिये, तीन घण्टे प्रश्नपत्र हल करने के लिये तथा एक घण्टा उत्तरपुस्तिका को अपलोड करने के लिये प्रदान किया जावेगा।
9. परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र विभागाध्यक्ष/समन्वयक के द्वारा सम्बंधित ईमेल/ वाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध करवाया जावेगा।
10. उत्तरपुस्तिका में प्रश्नपत्रों के उत्तर लिखने के पश्चात सम्पूर्ण उत्तरपुस्तिका को प्रवेश पत्र के साथ संलग्न करें एवं पीडीएफ बनाकर निर्धारित समय के अन्दर अनिवार्य रूप से सम्बंधित विभाग के ईमेल/वाट्सएप ग्रुप में अपलोड करें।

----2

11. अगर परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका अपलोड नहीं की जाती है तो इसकी जिम्मेवारी स्वंय छात्र की होगी।

12. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र हल करने के लिये निर्धारित शब्द संख्या से अधिक न लिखें।

13. परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर अपलोड किया जायेगा। जिसका परीक्षार्थी अवलोकन कर सकेंगे।

14. विभागाध्यक्ष सम्बंधित परीक्षा के वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे तथा उनके द्वारा अपने शिक्षकों से सहयोग उत्तरपुस्तिका डाउनलोड एवं व्यवस्थित करने के लिये वे वीक्षक के रूप में कार्यरत रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।

उप–कुलसचिव(परीक्षा/गोप0)